मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 अंक -10 मुंबई, सोमवार, दिनांक 27 नवंबर से 03 दिसंबर 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

### महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की सीट शेयरिंग : फडणवीस बोले

## BJP 26 सीट, शिवसेना-NCP 22 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी

**महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया है कि महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों को लेकर भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और ठउढ (अजित पवार धड़ा) में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लगभग तय हो गया है।**

इंटरव्यू में फडणवीस ने कहा कि भाजपा प्रस्तावित 26 सीट पर चुनाव लड़ेगी, शिवसेना और एनसीपी को 22 सीटें दी जाएंगी। फडणवीस ने कहा कि 48 लोकसभा सीटों पर सर्वे पूरा किया गया है। हमें जीतने वाले उम्मीदवारों की जानकारी है। 48 सीटों में से 40-42 सीटों पर अलायंस जीत दर्ज करेगी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के बाद लोकसभा चुनाव के प्रचार की शुरूआत करेंगे।

इससे एक दिन पहले ही महाराष्ट्र के दूसरे उपमुख्यमंत्री और NCP नेता अजित पवार ने कहा था कि आने



वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए महाराष्ट्र की रूलिंग पार्टी के बीच सीटों के बंटवारे पर कोई बातचीत नहीं हुई है।

**अजित पवार बोले- हमारी सरकार स्थिर**

अजित ने शनिवार 25 नवंबर को कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार स्थिर है, क्योंकि सभी 200 विधायक एक साथ हैं और शिंदे के नेतृत्व में राज्य अच्छा काम कर रहा है। मैं 15 दिनों तक डेंगू की वजह से बीमार रहा। हालांकि, कुछ लोगों का यह कहना था कि मुझे राजनीतिक बीमारी है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि मैं शिकायत करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिला था, लेकिन मैं शिकायत करने वालों में से नहीं हूं। उन्होंने ये भी कहा, कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। इसलिए भी महाराष्ट्र में चुनाव को लेकर अभी तक कोई बातचीत नहीं।

## 26/11 मुंबई हमले से जो नुकसान हुआ भरपाई असंभव

### राज्यपाल के साथ CM शिंदे ने वीर शहीदों को किया नमन

**मुंबईः** मुंबई हमले के बरसी पर महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुंबई पर हुए आतंकी हमले को आज 15 साल हो गए हैं और इस हमले से मुंबई पुलिस बल को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। इस मौके पर हमने इस हमले में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि हम हमेशा उनके साथ हैं। सभी ने बारी-बारी से 15 साल पहले आज के ही दिन मुंबई पर हुए आतंकी हमले में आतंकवादियों से लड़ते हुए जान गंवाने वाले शहीदों को रविवार को पुष्पांजलि अर्पित की।यह कार्यक्रम दक्षिण मुंबई में पुलिस आयुक्त के कार्यालय के परिसर में शहीदों के स्मारक आयोजित किया गया। राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा,



दीपक केसरकर, शहर के पुलिस प्रमुख विवेक फणसालकर और पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों ने भी 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले के दौरान जान गंवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने हमले में जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की। राष्ट्रीय सुरक्षा गारद, मुंबई पुलिस के कर्मियों और भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी समीर वानखेड़े ने ताज महल पैलेस होटल के सामने ह्यगेटवे ऑफ इंडियाह्ल पर आयोजित कैंडल मार्च में हिस्सा लिया।

आतंकवादियों ने जिन जगहों पर हमला किया उनमें से एक ताज महल पैलेस होटल भी था। शहीदों की याद में आयोजित मार्च में रोटरी क्लब के सदस्य और मीठीभाई कॉलेज के छात्र भी शामिल हुए।

## दंपती को जिंदा जला दिया था... 22 साल बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई :** 22 साल पहले मुंबई में एक ऐसा क्राइम हुआ, जिसने हर किसी का दहला दिया। एक चाय के दुकान में कपल को जिंदा जला दिया गया था।यह करतूत और किसी ने नहीं बल्कि कपल की बेटी से एकतरफा प्यार में पागल युवक ने किया था। कपल ने युवक से बेटी की शादी करने से मना कर दिया था।बौखलाए युवक ने इतना बड़ा कदम उठाया।इस घटना के बाद से वह फरार था। आखिर पुलिस ने उसे 22 साल बाद गिरफ्तार कर लिया। 2001 में कांदिवली के होटल में हुए इस अग्निकांड में 48 साल की जहराबी और उनके पति अब्दुल रहमान को जला दिया गया था। दहिसर क्राइम ब्रांच ने उस केस में वॉन्टेड मुख्य आरोपी यशवंत बाबू राव शिंदे को गिरफ्तार किया है। मोहिद्दीन शेख, नागनाथ तेलंगे और व्यंकट पाचावाड नामक आरोपियों को पहले ही पकड़ा जा चुका था, लेकिन मुख्य आरोपी यशवंत पिछले 22 साल से पुलिस की गिरफ्त में आ ही नहीं रहा था।

डीसीपी राजतिलक रौशन के निर्देशन में सीनियर इंस्पेक्टर सुधीर दलवी और विजय रासकर, दिलीप तेजनकर व नवनाथ जगताप की टीम ने इस केस की फाइल फिर से



ओपन की और पिछले कुछ दिनों में आरोपी के लातूर स्थित गांव बार-बार गई। उसी में क्राइम ब्रांच टीम को यशवंत के पुणे में कोंढवा में होने की जानकारी मिली। फिर वहां कई दिन तक ट्रैप लगाया गया और अंततः उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

यशवंत पेंटिंग का काम करता था । चूंकि मुंबई में काम भी ज्यादा मिलता है और पैसा भी, इसलिए वह अपने साथियों के साथ लातूर से मुंबई आ गया। वह जहराबी- अब्दुल की बेटी से इकतरफा प्यार करता था और उससे शादी करना चाहता था, लेकिन मां-बाप को यशवंत से अपनी बेटी का रिश्ता मंजूर नहीं था। उन्होंने एक-दो बार यशवंत की पिटाई कर दी। पुलिस में भी शिकायत दर्ज कर दी।यही नहीं, उन्होंने अपनी लड़की की शादी कहीं और तय कर दी। इससे यशवंत आग बबूला हो गया और उसने लड़की के मां-बाप को सबक सिखाने का फैसला किया।

लड़की अपने भाई के साथ घर में सोती थी, जबकि जहराबी- अब्दुल का चाय का गुडलक नाम से होटल था। पति-पत्नी वहां सोते थे। उसी में 12 अगस्त, 2001 को यशवंत शिंदे ने अपने साथियों के साथ होटल में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। होटल के अंदर सो रहे जहराबी- अब्दुल उसी में जल गए और बाद में उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने इस केस में जब तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, तो उनसे पूछताछ में पता चला कि इस हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता यशवंत शिंदे है।इन आरोपियों से शिंदे का लातूर का पता भी मिला। पुलिस कई बार वहां गई, पर शिंदे के परिवार के लोगों ने बताया कि वह आज तक कभी अपने घर आया ही नहीं। फिर भी क्राइम ब्रांच के लिए यकीं करना मुश्किल करना था कि वह गांव में

## सरदार पटेल का कर्ज चुकाना है, सम्मान वापस दिलाना है

**मुंबई** – सरदार सम्मान संकल्प आंदोलन समिती,गुजरात द्वारा सरदार पटेल का कर्ज चुकाना है,सम्मान वापस दिलाना है आंदोलन की रूपरेखा तय करने हेतु पाटीदार पंचायत का आयोजन शनिवार दिनांक 30.11.2023 को दोपहर 12 बजे से सरदार वल्लभ भाई पटेल मेमोरियल सोसाइटीज हाल,गांधी-सरदार स्मृति चौक,सर्किट हाउस के सामने,शाही बाग, अहमदाबाद पर की गई है।

आयोजको ने माँ उमिया,माँ अन्नपूर्णा, माँ खोडियार को मानने वाले सभी लेवा,कडवा,आंजना पाटीदार,एवम कूर्मि समाज बंधुओं को निमंत्रण दिया है कि वे सरदार सम्मान संकल्प आंदोलन को समर्थन देने हेतु इस पंचायत में शामिल हों।

ज्ञातव्य है कि अहमदाबाद के मोंटेरा स्थित सरदार पटेल क्रिकेट




स्टेडियम का नाम बदल कर नरेंद्र मोदी स्टेडियम कर दिया गया है।इस अवैध नामकरण के विरोध में सरदार पटेल के जन्म स्थल करमसद के युवकों ने सरदार पटेल का कर्ज चुकाना है,सम्मान वापस दिलाना है आंदोलन की शुरूआत की है।

इस आंदोलन को व्यापक स्वरूप प्रदान करने हेतु पाटीदार पंचायत का आयोजन किया गया है।

## वाराणसी में छोटेलाल शर्मा संपादक ने जे पी शर्मा का किया स्वागत





वाराणसी, अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई अध्यक्ष जे पी शर्मा जी 10दिवसीय मुंबई से उत्तर प्रदेश यात्रा पर हैं वाराणसी पहुंचने पर छोटे लाल शर्मा संपादक कदम कदम पर, विजय प्रताप सविता वरिष्ठ समाज सेवक वाराणसी ने जे पी शर्मा का पुष्प हार व शाल देकर किया स्वागत।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# लड़ाई दीर्घकालिक शांति ला पाएगा!

यह सही है कि दुनिया भर के नेताओं ने इजरायल और हमास के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम का स्वागत किया है लेकिन ऐसा लगता नहीं कि यह दोनों पक्षों के बीच छिड़ी लड़ाई में दीर्घकालिक शांति ला पाएगा। बंदियों की अदला-बदली और संघर्ष का केंद्र बनी गाजापट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने को लेकर हुए समझौते की स्याही सूख भी नहीं पाई थी कि उत्तरी गाजा में भीषण लड़ाई दोबारा शुरू हो गई। इजरायल ने संकेत दिया कि बंदियों की अदला-बदली शुक्रवार तक टलेगी। इसे गुरुवार को स्थानीय समयानुसार 10 बजे आरंभ होना था। इसके तहत 50 महिलाओं और 19 वर्ष तक की आयु के बच्चों को इजरायल की जेलों में कैद 150 फिलिस्तीनी महिलाओं और बच्चों के बदले रिहा किया जाना था। समझौते की भंगुर प्रकृति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि समय और तरीके को लेकर समझौते अभी होने बाकी हैं।

दोनों पक्षों के बीच गहरा अविश्वास है। इजरायल ने कहा है कि युद्ध विराम और सहायता पहुंचने देने का काम तभी शुरू होगा जब हमास इजरायली बंधकों को रेड क्रॉस के हवाले करेगा। हमास नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि वह युद्ध विराम पर सहमत है लेकिन 'उसका हाथ बंदूक के ट्रिगर पर बना रहेगा।'इस समय 190 इजरायली बंधक केंद्र में हैं जिन्हें हमास ने 7 अक्टूबर को बंधक बनाया था। इस बीच इजरायल ने 7 अक्टूबर के पहले 5,200 फिलिस्तीनियों को जेल में डाल दिया था और उसके बाद उसने 3,000 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जिनमें 145 बच्चे और 90 महिलाएं शामिल हैं। इस बात की संभावना है कि हर 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई के साथ युद्ध विराम को एक-एक दिन के लिए बढ़ाया जाए। इस मामले में इजरायल ने 300 फिलिस्तीनी कैदियों की सूची जारी की है। यह समझौता कतर और मिस्त्र की मदद से हुआ है और यह गाजा में मानवीय त्रासदी को कुछ हद तक कम कर सकता है लेकिन अमेरिका का समर्थन प्राप्त इजरायल ने लंबी अवधि के युद्ध विराम से इनकार किया है और इसलिए वहां लंबी शांति की उम्मीदों को झटका लगा है। इजरायल ने कहा है कि अगर वह ऐसा करेगा तो हमास को दोबारा हथियारबंद होने का समय मिल जाएगा। इन हालात में इस 75 वर्ष पुराने संकट को लेकर किसी दीर्घकालिक हल पर पहुंचने से जुड़ी कोई भी चर्चा दूर की कौड़ी है।

इस लड़ाई में अनिवार्य रूप से कूटनीतिक खामियों का विस्तार हो रहा है। यह बात संयुक्त राष्ट्र में मतदान के रुझान से भी स्पष्ट है। बुधवार को ब्रिक्स ने गाजा में चल रही लड़ाई को लेकर विशेष आभासी बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों के बीच के आपसी मतभेदों पर भी चर्चा की गई। बैठक में मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, अर्जेन्टीना और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी शामिल हुए जिन्हें अगले वर्ष इस समूह में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। इन देशों ने एक संयुक्त वक्तव्य में 'फिलिस्तीनियों को उनकी जमीन से जबरन हटाने की किसी भी व्यक्तिगत या सामूहिक कोशिश की कड़ी निंदा की गई।'यह कठोर कूटनीतिक भाषा है जो बताती है कि कई विकासशील देश इजरायल के समर्थन में खड़े विकसित देशों से दूरी बनाए हुए हैं। सबसे कठोर आलोचना दक्षिण अफ्रीका ने की और उसने फिलिस्तीनी नागरिकों के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई को 'युद्ध अपराध'करार देते हुए गत सप्ताह इजरायल का हवाला अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में भी दिया।

# नंदवंशी चैरिटेबल ट्रस्ट (एन. सी. टी.) बना समाज का सहारा

## धूमधाम से संपन्न कराया गरीब बेटी का विवाह

**गुजरात, अहमदाबाद :** नंदवंशी चैरिटेबल ट्रस्ट (एन.सी.टी.) के संवेदनशील पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए दो गरीब परिवारों के बच्चों का विवाह बड़ी ही धूमधाम से संपन्न कराया। विगत 23 नवंबर को संपन्न हुए इस वैवाहिक समारोह में ट्रस्ट ने बेटी के विधवा मां की चिंताओं को दूर करते हुए सारी जिम्मेदारियां स्वयं उठाई।



मूलतः उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद के गांव बराई निवासी प्रतिमा (दिव्या) पुत्री स्व जितेंद्र शर्मा एवं बाराबंकी जिले के गांव बगिया निकट इन्हौना निवासी आशीष पुत्र हरिश्चंद्र शर्मा जो अपने परिवार के साथ अहमदाबाद रहते हैं। दोनों गरीब परिवारों की स्थिति को देखते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने शादी कराने का निर्णय लेते हुए पारंपरिक तरीके से दिनांक 23 -11- 2023 को सुबह 10:00 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर मे रामलाल पहलवान के अखाड़े व लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम के पास बापू नगर अहमदाबाद में शादी कराई।

संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने संगठन के प्रेरणाश्रोत महापदमनंद वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन (एम. डब्ल्यू. ओ) उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा बरबधू को आशीर्वाद दिलाया।

मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल नाई, प्रांतीय महासचिव रणविजय बी नाई, कोषाध्यक्ष कल्पनाथ शर्मा, जिला अध्यक्ष अहमदाबाद मुरलीधर शर्मा, उपाध्यक्ष दीनानाथ शर्मा, श्रीपाल शर्मा, राम भाई वर्मा एवं संस्था के सदस्यों में संजय शर्मा, सभाजीत शर्मा, जितेंद्र शर्मा, मुन्नालाल शर्मा, प्रदीप शर्मा, रामू शर्मा, विशाल शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संस्थापक के प्रथम पुण्यतिथि पर किया गया शोक सभा का आयोजन

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के संस्थापक व संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा के परमपूज्य पिता जी स्व0बिहारी लाल शर्मा के प्रथम पुण्यतिथि पर दिनांक20नवंबर23दिन सोमवार को संस्था के सभी पदाधिकारियों ने ग्राम मुकुंदीपुर पोस्ट शाहपुर,सिकरारा जौनपुर पहुंच कर शोक सभा का आयोजन किया।संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि आज पिता जी की स्मरणतिथि पर हम उन्हे सच्चे दिल से याद करते हैं।आप हम सबसे दूर है किन्तु आप हमारे दिलो में है।आज के ही दिन आपने हम सबसे विदा ली थी इस प्रथम पुण्यतिथि पर संस्था अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों सहित चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किए की दिव्य आत्मा को श्री चरणों में स्थान दे।तत्पश्यात सभी पदाधिकारियों ने संस्था को आगे बढ़ाने को लेकर विचार विमर्श किया



गया।कार्य क्रम में संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा प्रेरणा श्रोत व संरक्षक पूर्णमासी शर्मा,बुधिराज शर्मा(पू 0अ0)लक्षणधारी शर्मा पू0प्रधान,डा.राजेंद्र शर्मा,डा.विवेक शर्मा,डा.हिमांशू शर्मा,पंचम राम शर्मा,विमल शर्मा,रामचंद्र शर्मा,डा. जयप्रकाश शर्मा,डा.कर्मराज शर्मा,विजय बहादुर शर्मा,पन्ना लाल शर्मा,अवधेश शर्मा,अशोक कुमार शर्मा,शैलेंद्र शर्मा,राजेंद्र शर्मा,ललित कुमार शर्मा,राकेश कुमार शर्मा,विनोद शर्मा,रविंद्र शर्मा,राम जनक शर्मा,नन्हकू शर्मा,रामचंद्र शर्मा,जोगेंद्र शर्मा,चंदन शर्मा,नंदलाल शर्मा,अखिलेश शर्मा,महेंद्र शर्मा,शिवप्रकाश शर्मा,नरेंद्र शर्मा,बबलू शर्मा,सुनील कुमार शर्मा, मानिक चंद्र शर्मा,संतोष शर्मा संजय शर्मा,सूरज शर्मा,संदीप शर्मा,नीरज शर्मा,सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# वर वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे संस्था के पदाधिकारी





आज दिनांक 23नवम्बर 23को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के ब्लाक उपाध्यक्ष राकेश शर्माह्लपप्पूह्लके साले के लड़के की शादी में संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा तहसील अध्यक्ष ललित कुमार शर्मा उपाध्यक्ष पिंटू शर्मा सहित वर वधू को आशीर्वाद देने पिपरिया, वेलवा पहुंचे।इसके बाद बबुरी गांव बिलौना में ननकू शर्मा के पुत्री की शादी में संस्थाअध्यक्ष सहित पूरी कमेटी वर बधू को आशीर्वाद देने पहुंची।



**यह बच्ची अपने समाज की है लगातार 5 साल गोल्ड मेडल लेकर आई है आज इसको डिग्री और गोल्ड मेडल सर्टिफिकेट मिला है यह समाज के लिए गौरव है.**




शिवाजी महाराज, भारत माता, श्रीराम प्रभु को अभिवादन करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार

## धर्मेंद्र शर्मा युवा नेता व समाज सेवक के सुपुत्री के शादी समारोह में पहुंचे समाज के तमाम नेता गण व समाज सेवक



**जौनपुर,** दिनाक 23 नवंबर 2023 दिन गुरुवार को धर्मेंद्र शर्मा युवा नेता व समाज सेवक के सुपुत्री अंजलि शर्मा, संग गणेश शर्मा सुपुत्र कन्हैयालाल शर्मा के शादी समारोह में पहुंचे श्री मती रागनी सोनकर विधायक मछलीशहर विधान सभा, दिनेश शर्मा संस्था अध्यक्ष भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सिमित मुन्ना शर्मा उपाध्यक्ष, रामनिहोर शर्मा वरिष्ठ समाज सेवक मलाई व समाज के तमाम नेता गण व समाज सेवक, शादी समारोह में पहुंचकर दी वर बधू को शुभकामनाएं, अनिल शर्मा मुंबई ने भी वर बधू को दी शुभाकमाये।



संविधान दिन के अवसर पर संविधान के प्रतिमा का पुजन करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar

# विनय शर्मा दीप को मनपा प्रशासन ने किया सम्मानित

**मुंबई,** बृहन्मुंबई महानगर पालिका जी-दक्षिण विभागीय कार्यालय के स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र वी मोहिते एवं सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रियंका भोये द्वारा सनि. निरिक्षण मलेरिया विभाग के सनि. अन्वेषक विनय कुमार शर्मा को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र एवं बीएमसी प्रतीक चिन्ह (मोमेंटो) देकर सम्मानित किया गया।यह सम्मान विनय शर्मा दीप को वर्ष 2023 के बीडीडी चाल वरली एवं आसपास के क्षेत्र में बढ़ती हुई मलेरिया महामारी को अपने तरीके से रोकने,जनजागरण द्वारा नागरिकों को मलेरिया बचाव हेतु उचित परामर्श देने,उचित औषधि देकर ठीक करने तथा मलेरिया बुखार से पीड़ित जैसे सबसे अधिक रोगी को ढूंढ निकालने का उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदान किया गया।विनय शर्मा दीप महानगर पालिका कर्मचारी के साथ साथ समाजसेवी भी हैं जो मूलतः जौनपुर उत्तर प्रदेश से आते हैं।विनय शर्मा दीप को विभागीय उक्त सम्मान पाने पर शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।




# तिलकोत्सव कार्य क्रम में शामिल हुए संस्था के पदाधिकारी



भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा के भतीजा सचिन शर्मा पुत्र अरुणेश शर्मा के तिलकोत्सव में संस्था के पदाधिकारी उपस्थित हुए।संस्था सचिव प्रमोद कुमार शर्मा जी गीत संगीत के माध्यम से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिए।वहा समाज के सैकड़ों स्वजातीय भाई व संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।संस्था को आगे बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा,संस्था संरक्षक प्रकाश शर्मा पत्रकार,डा.विवेक शर्मा,रामचंद्र शर्मा,प्रेम शंकर शर्मा,प्रमुख सचिव शैलेंद्र शर्मा,संगठन मंत्री शैलेंद्र कुमार शर्मा,मछलीशहर तहसील अध्यक्ष ललित शर्मा,तहसील उपाध्यक्ष पिंटू शर्मा,बक्सा ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा,विपिन कुमार शर्मा तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दुबई नहीं ले जाने पर गुस्साई पत्नी, पति की नाक पर मारा मुक्का हुई मौत!

**पुणे :** पुणे से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार एक 36 वर्षीय व्यक्ति की उसकी पत्नी द्वारा नाक पर मुक्का मारने से मौत हो गई क्योंकि उसने उसे जन्मदिन मनाने के लिए दुबई ले जाने से इनकार कर दिया था। यह घटना शुक्रवार को पुणे के वनावडी इलाके में एक पॉश आवासीय सोसायटी में स्थित दंपति के अपार्टमेंट में हुई।

महाराष्ट्र के पुणे से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, एक 36 वर्षीय व्यक्ति की उसकी पत्नी द्वारा नाक पर मुक्का मारने से मौत हो गई, क्योंकि उसने उसे जन्मदिन मनाने के लिए दुबई ले जाने से इनकार कर दिया था। यह घटना शुक्रवार को पुणे के वनावडी इलाके में एक पॉश आवासीय सोसायटी में स्थित दंपति के अपार्टमेंट में हुई। पीड़ित की पहचान निर्माण उद्योग के व्यवसायी निखिल खन्ना के रूप में हुई है, जिसने छह साल पहले अपनी पत्नी रेणुका (38) के साथ प्रेम विवाह किया था।

## प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है तो सावधान! MCD बकायेदारों पर करेगा मुकदमा

**नई दिल्लीः** प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है तो सावधान हो जाएं। दिल्ली नगर निगम बकायेदारों पर बड़ा ऐक्शन लेने की तैयारी में है। दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने ऐसे लोगों की पहचान की है, जिनका प्रॉपर्टी टैक्स बकाया 25 लाख रुपये से ज्यादा है। जल्द ही ऐसे 'टैक्स चोरों' के खिलाफ मुकदमा शुरू किया जाएगा। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एमसीडी ने एक बयान में उन सभी संपत्ति मालिकों से पोर्टल के जरिये यूपीआईसी (विशिष्ट संपत्ति पहचान कोड) आईडी निकालने की अपील की है, जिनका डाटा उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है। बयान में कहा गया कि एमसीडी नागरिकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दिशा में काम करते हुए इसके मूल्यांकन और संग्रह विभाग ने बकाया संपत्ति कर से संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण किया है। ऐसा करने के बाद उन मालिकों की पहचान की है, जिनके संपत्ति कर की बकाया राशि 25 लाख रुपये से अधिक है।

# मंडला में किन्नर महाकुंभ का आयोजन, भव्य कलश यात्रा

**सविता मोदी**

**मंडला,** मध्यप्रदेश के मंडला में 10 दिवसीय भारतीय किन्नर सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस सम्मेलन का आयोजन 15 नवंबर से किया जा रहा है, जो 25 नवंबर तक चला. वहीं 23 नवंबर को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सम्मेलन का आयोजन जिला किन्नर समाज द्वारा किया जा रहा है.

### 23 नवंबर को निकाली गई कलश यात्रा

इस सम्मेलन में देश भर से आये किन्नरों का परिचय सम्मेलन, पूजन-पाठ, नृत्य-गायन और हवन सहित गुरु मां की गुप्त पूजा की जा रही है. वहीं इस आयोजन का खास आकर्षण किन्नरों द्वारा निकाली जाने वाली कलश यात्रा रही जो प्रमुख मार्गों से होते हुए शहर में भ्रमण कर इस दौरान मार्ग में पड़ने वाले मंदिर, मस्जिदों में घंटे और चादर अर्पण किए गए. बता दें कि इस दस दिवसीय आयोजन की सिर्फ 23 नवंबर को निकाली जाने वाली इनकी कलश यात्रा ही सार्वजनिक थी.. क्योंकि यात्रा नगर में भ्रमण किया,वहीं सभी आयोजन गुप्त हैं.




अब समाज में हीनद्रष्टि से नहीं बल्कि सम्मान के साथ देखा जा रहा । कैटरीना किन्नर का कहना है कि भगवान ने हमारे साथ अन्याय नहीं, बल्कि न्याय किया. हमें वरदान दिया है और इतना सबल किया है कि हम समाज की खुशहाली, जनता की भलाई के लिए वरदान और आशीर्वाद देते हैं. हमारी दुआएं काम करती है. कैटरीना का कहना है कि भगवान ने हमें जीवन समाज के लिए दिया है. हमे अर्धनारीश्वर का रूप दिया है. ये खुश है कि अब इन्हें समाज मे हीनद्रष्टि से नहीं बल्कि सम्मान और अपनेपन के साथ देखा जा रहा है। किन्नर समाज सम्मेलन का समापन समारोह का भव्य आयोजन 25नवंबर को हुआ।

**महाराष्ट्र शासन**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**
**दक्षिण मुंबई विद्युत विभाग, मुंबई**

**लिलाव सूचना क्र.०१/२०२३-२४**

कार्यकारी अभियंता, दक्षिण मुंबई विद्युत विभाग, सा.बां.विभाग, मुंबई हे निकामी विद्युत साहित्याच्या दरपत्रकाव्दारे स्पर्धात्मक लिलाव पध्दतीने विक्रि करणेकरीता इच्छूक लिलावदारांचे सहभागाकरीता सदर सूचना प्रसिध्द करीत असून त्याबाबतचा तपशील खालील प्रमाणे आहे.

१) दक्षिण मुंबई विद्युत विभाग, सा.बां.विभाग,मुंबई यांच्या अधिपत्याखालील शहर विद्युत उपविभागा अंतर्गत असलेल्या निकामी विद्युत साहित्याची दरपत्रकाव्दारे लिलाव विक्री करावयाची असून विक्री करावयाच्या साहित्याचा संक्षिप्त तपशील या विभागीय कार्यालयाच्या नोटीस बोर्डवर उपलब्ध आहे.

२) लिलाव प्रक्रियेमध्ये सहभागी होऊ इच्छित असलेल्या लिलावदार यांनी दरपत्रके व इसारा रक्कम सीलबंद पाकीटात व कंपनीच्या नाममुद्रीत पत्रावर दि.२८/११/२०२३ ते दि.०५/१२/२०२३, १४.०० वाजेपर्यत सादर करावीत. सदर दरपत्रके शक्यतो दि.०६/१२/२०२३, ११.०० वाजता उघडण्यात येतील. अटी व शर्ती असलेले दरपत्रके स्वीकारली जाणार नाही.

३) सदर बाबत अधिक तपशीलाकरीता निम्न नमूद कार्यालयाकडे इच्छूक लिलावदारांना चौकशी करता येईल. कार्यकारी अभियंता, दक्षिण मुंबई विदयुत विभाग, सा.बां.विभाग, बांधकाम भवन, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई ४०० ००१. दुरध्वनी क्र – २२००८४४८

जा.क्र.काअ/दमुंविवि/भांशा/ ५९८९ /२०२३-२४

(संभाजी घोरपडे)
कार्यकारी अभियंता
दक्षिण मुंबई विद्युत विभाग
सा.बां.विभाग, मुंबई

प्रतः- मा.अधीक्षक अभियंता (विद्युत) सा. बां. मुंबई प्रादेशिक विद्युत विभाग, मुंबई यांना माहितीकरीता सविनय सादर.

प्रत - उप अभियंता, मंत्रालय विद्युत उप विभाग, मुंबई यांना माहितीसाठी रवाना.

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C५१५१

# मा. श्री अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के समक्ष राकेश शर्मा युवा नेता ने रखी अपनी बात

उत्तर प्रदेश में लगातार चल रही देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी समाजवादी ढ़ऊअ साइकिल एवं पद यात्रा 40 ज़िले, 208 दिन, 8500 ड्ट, 202 विधानसभा और 42 लोकसभा का सफर करके सैफई पहुंची जहां माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी की उपस्थिति में यात्रा का समापन हुआ और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी समक्ष अपनी बात मजबूती से रखते समाज के प्रति समाज को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से आवाहन किया और जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के विचारो को जन जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी के माध्यम से समाजवादी पार्टी सदैव तत्पर हैं अखिलेश यादव जी सहर्ष स्वीकार किया आश्वासन दिया की हम आपके (नाई, सेन, सविता, ) समाज के साथ खड़े है और उनको राजनीति की मुख्यधारा में




लाएंगे लगातार प्रदेश के कोने कोने में विभिन्न जिलों से यह PDA साईकिल यात्रा में मैं राकेश शर्मा सुल्तानपुर से लोगो को जोड़ते हुए उनके अंदर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के विचारो की अलख जगाते हुए पार्टी से जोड़ते अपने इस कारवां को नेता जी की धरती सैफई में आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के द्वारा हम सभी साईकिल यात्रियों का जोरदार स्वागत सम्मान करके हम जैसे छोटे कार्यकर्ता को इतना सम्मान और प्यार आपके द्वारा मिला मैं इसका जीवन भर आभारी रहूंगा 21 नवंबर को इसका समापन सैफई में किया गया। समाजवादी पार्टी जिंदाबादअखिलेश यादव जिंदाबादश्रद्धेय नेता जी अमर रहेजननायक कर्पूरी ठाकुर अमर रहे।आपका अपन - राकेश शर्मा नेता समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारणी सदस्य सुल्तानपुर। 189 विधानसभा

## अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई ने वर बधू मिलावा कर दीप्ती बाबू सेमुआ के सपनों को किया साकार





**मलाड,** अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई ने कथनी और करनी के फर्क को मिटाते हुए दीप्ती बाबू सेमुआ के सपनों को साकार करने में सफल, अपने समाज के हनुमान अनंतलाल शर्मा कार्याध्यक्ष ने दिन रात मेहनत कर समाज में जागरूकता लाने के लिए और शादी विवाह में अपने समाज के लोगो ने जो फालतू खर्च कर रहे है उसको रोकने ले लिए काफी प्रयास कर रहे हैं और समाज को सामूहिक विवाह करने पर जोर देते हैं जिसका सफल उदाहरण दिनाक 23नवंबर 2023को अखिल भारतीय सविता महासंघ के माध्यम से एक जोड़ी शादी कर समाज को जागरूक करने का काम किया सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई के अध्यक्ष जे पी शर्मा, कार्याध्यक्ष अनंत लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश सेमूआ, महामंत्री अशोक शर्मा सहित सभी पदाधिकारी व सदस्य गण ने तन मन, धन से पूरा सहयोग दिए।

# कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ सम्पन्न

**सीखड़ संवाद,** बुधवार को क्षेत्र के भुआलपुर ग्राम पंचायत में स्थित नारायण साहित्य शाला भारत के तत्वाधान में पंडित रामजस त्रिपाठी, नारायण जी के निजी निवास पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के अनेक कवियों ने सहभाग किया कार्यक्रम की शुरूआत भुआलपुर के ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिपाठी और संस्था के सचिव विनोद बनारसी जी ने दीप प्रज्वलित कर किया।संस्था के संस्थापक पंडित रामजस पंडित रामजस त्रिपाठी ने मंच पर उपस्थित कवियों और पत्रकार बंधुओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा अंगवस्त्र से देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती अर्चना त्रिपाठी ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर किया।

मंच संचालक ज्ञानेश मणि पाठक ने उपस्थित लोगो को बताया कि नारायण साहित्य शाला, गौरया के बच्चे पार्थ को संस्कृत भाषा की शिक्षा अध्यन करने के लिए नारायण साहित्य शाला प्रतिवर्ष




से शिल्पी तक के कवियों के द्वारा आदिकाल से अभी तक के रचनाएं संकलन साझा कर प्रकाशित करेगा।

वही मंच के माध्यम से भुआलपुर निवासी गुड्डू तिपाठी बारह हजार रूपया देने की घोषणा की और ज्ञानेश मणि पाठक के कुशल संचालन में आए हुए कवियों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी जिनकी उपस्थित श्रोताओं ने हाथ खोलकर समर्थन, और प्रशंसा की। चुनार से आए कवि राजकुमार राज ने अपनी काव्य की विशेषता और कैसी हवा बदल गई,सतना से आए राजेश तिवारी रामुकाका, मुदीपुर से आए राजेश मिश्र ज्योति, विनोद बनारसी, ओमप्रकाश यादव अमित, विनोद बनारसी, आलोक कपीनाथ ऋतुराज, स्वयं संचालक ज्ञानेश मणि पाठक, ने अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत किया।उपस्थित श्रोताओं ने काव्य पाठ सुनकर सभी का तालियों के करतल ध्वनि से उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में चन्दमौली पांडेय उर्फ सोनू , मुकेश तिपाठी, जयशंकर त्रिपाठी, गुड्डू तिपाठी, बब्बल पांडेय, क्षमा शंकर पाण्डेय, अजय कुमार त्रिपाठी, गुड्डू शुक्ला, सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राजनीति में अपनी हिस्सेदारी लेकर ही रहेगा नाई समाज - राम भवन शर्मा

**वाराणसी,** 4 नवंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ की धरती सहजनवा गोरखपुर में अखिलेश जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित नाई समाज की रैली और उसमें आई अपार भीड़ ने यह दिखा दिया कि नाई समाज अब जागरुक हो गया है और राजनीति हिस्सेदारी को लेकर ही रहेगा यह बातें राष्ट्रीय नाई महासभा के उत्तर प्रदेश के प्रदेश




अध्यक्ष ठाकुर राम भवन शर्मा के वाराणसी में समाज द्वारा आयोजित उनके सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा श्री शर्मा ने आगे कहा कि लाखों की भीड़ ने सहजनवा गोरखपुर के माध्यम से सभी दलों को यह संदेश दे दिया है जिस जाति को लोग कम आंकते थे वह जाति देश और प्रदेश के गांव, शहर, कस्बा, गली, मोहल्ला हर जगह निवास करती है और हम सिर्फ हिंदू ही नहीं मुसलमान में भी हैं । सविता - सलमानी का यह गठजोड़ आने वाले दिनों में राजनीतिक दलों की चूले हिला कर रख देगा और 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी ताकत का एहसास करा देगा।

श्री शर्मा ने उपस्थित लोगों को सूचित करते हुए कहा कि आगामी 21 दिसंबर 23 को वाराणसी में पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पी डी ए) का एक बड़ा कार्यक्रम रखा गया है जिसमें आज से ही लोगों को सूचित कर जागरुक करना शुरू कर दे ताकि पिछड़ों की जबरदस्त उपस्थिति हो ।स्वागत समारोह में उपस्थित सैलून एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय प्रताप सविता ने बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार जी के जातीय जनगणना के साथ-साथ आरक्षण कोटा बढ़ाने (75%) के लिए पूरी बिहार सरकार को धन्यवाद और बधाई प्रेषित की और यह कहा कि पिछड़े ही पिछड़ों का दर्द समझ सकते हैं ।

## 26/ 11 आतंकवादी हमले में संतोष कुमार को लगी थी 2 गोली

26 जुलाई 2008 को देस में सबसे बड़ा हमला हुआ था इस हमले में जौनपुर जिले के संतोष कुमार के हाथ में दो गोली लगी थीं संतोष कुमार कुलावा ताज होटल के पास अपनी दुकान में मौजूद थे रात्रि का समय 10 बजा होगा उसी समय ताज होटल में आतंकवादी हमला कर दिए बाहर निकल कर कुछ समझ पाते तब तक दो गोली उन्हें आ लगी और ओ जमीन पर गिर पड़े संतोष मीडिया को बताते हुए ओ पल याद करते हुए कुछ पल



के लिए भाउक हो गए बताते है की उस हमले मे देश के जाबाज सिपाही और नागरिक शहिद हो गए थे फिर हम हॉस्पिटल थे जब हमे होस आया तो हमारे परिजन मौजूद थे ईश्वर की कृपा से हम जल्दी स्वस्थ होकर हम घर लौट आए इसकी सूचना हमारे लड़के युवा शक्ति संघ के राष्ट्रीय सचिव रूपेश को लगी उन्होंने फोन से संपर्क कर मेरी पूरी जानकारी ली फिर मैने उनको सारी जानकारी दी कि मैं पूरी तरह सवस्थ और परिजन के बीच हु और उन आतंकवादी हमलों में शहिद हुए नागरिकों व जवानों को याद करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि दी.

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com



चुनार बालूघाट उत्तरामुखी गंगातट पर नयनागढ महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनमोल सिंह ।

## चुनार गंगा में कार्तिक पूर्णिमा पर डुबकी लगाते श्रद्धालुजन



# लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

## नयनागढ महोत्सव समिति, चुनार क्लब द्वारा गंगाघाट पर आयोजित हुए विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम

**चुनार।** उत्तरामुखी गंगातट पर कार्तिक पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय नयनागढ महोत्सव का शुभारंभ रविवार की देर शाम पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनमोल सिंह एवं मेजर कृपा शंकर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।अपने संबोधन में पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद ने कहा कि धन्य है चुनार के नगरवासी जिन्हें नियमित गंगा दर्शन करने और स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।उन्होंने कहा कि गंगा की स्वच्छता एवं निर्मलता बनी रहे इसके लिए हम सब की यह जिम्मेदारी है कि गंगा में कूडा कचरा आदि न डाले, स्नान के दौरान साबुन आदि का प्रयोग न करें। महोत्सव के पहले दिन मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुआ जिसमें लखनऊ, प्रयागराज,गोरखपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, सोनभद्र, वाराणसी, चंदौली मीरजापुर सहित कुल 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रांजली सिंह (वाराणसी) प्रथम, वैष्णवी श्रीवास्तव (वाराणसी), दितीय व बादल (मीरजापुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।जिन्हें समिति की ओर से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका सलामत खान, संदीप मौर्या ने निभाया। कार्यक्रम के दौरान रामललित महाविद्यालय के रामलाल, बृजेश चतुवेर्दी, अनवर अली,ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जगदीश, तारा दीदी, बीनू दीदी प्रमुख मौजूद रहे। संचालन दंत चिकित्सक डॉ श्रीप्रकाश श्रीवास्तव ने किया।

### नगर पालिका एवं सामाजिक संस्थाओं ने लगाया सहयोग पंडाल

**कार्तिक पूर्णिमा, देव दिपावली विशेष**

**चुनार।** स्नान पर्व कार्तिक पूर्णिमा पर नगर के विभिन्न गंगाघाटों पर स्थान करने आएं श्रद्धालुओं के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा गंगाघाट पर जगह जगह वस्त्र बदलने के लिए पंडाल,मुख्य मार्ग से गंगाघाट तक प्रकाश की मुकम्मल व्यवस्था के साथ ही खोया पाया शिविर लगाकर परिवार से बिछड़े सैकड़ों महिला, पुरूष एवं बच्चों को परिजनों से मिलाया गया।स्नानार्थियों के लिए बालूघाट स्थित गुहराज निषाद पार्क में विन्ध्यवासिनी सेवा समिति द्वारा प्रसाद के रूप में हलुवा वितरण किया गया।इस दौरान ब्रम्हानंद कुशवाहा, अनिल यादव, मिथलेश कुमार, वैशेषिक विक्रम सिंह वापी सेवा भाव से लगे रहे। संतोषी माता मंदिर घाट पर जय गुरुदेव के अनुयायियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे में सत्य नारायण पुजारी, शिव बालक, अशोक त्रिपाठी, रीना देवी विनोद सिंह सहयोग में लगे रहे।



### जगमगाते दीपों ने देवताओं की उतारी आरती

**चुनार।** चुनार क्लब व नयनागढ महोत्सव समिति के तत्वावधान में कार्तिक पूर्णिमा की शाम आयोजित देव दिपावली मनाएं जाने के दौरान किला घाट, साहित्य संत धाम, संतोषी माता मंदिर घाट बालूघाट व अन्य गंगाघाटों पर समिति के सदस्यों व स्थानीय नगर के लोगों द्वारा दीपदान किया गया।इस दौरान गंगा के जल में दूर दूर तक श्रृंखलावद्ध फैले हुए दीप एक अद्भुत छठा बिखेर रही थी। गंगा के जल में जगमगाते दीप व नाव पर भव्य आतिशबाजी देखते ही बन रहा था ऐसा लग रहा था कि गंगा के जल में जगमगाते दीप व आकाश में रंग बिरंगे आतिशबाजी की रोशनी देवताओं की आरती उतारने के लिए आतुर हो। किला घाट पर चुनार क्लब द्वारा की गई बिजली झालर की भव्य सजावट, जगह जगह बनाई गई रंगोली के साथ ही आई लव चुनार लिखा सेल्फी प्वाइंट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा।



चुनार बालूघाट स्थित गुहराज निषाद पार्क में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं को हलुवा वितरित करते विन्ध्यवासिनी सेवा समिति के सदस्य।



चुनार के उत्तरामुखी गंगातट पर नयनागढ महोत्सव मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई

**शिवा शर्मा की कलम से**

**चुनार।** रामबाग स्थित द ग्लेनहील स्कूल में रविवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित हुआ जिसमें बच्चों ने बढ चढ़कर प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उपाधीक्षक उमाशंकर सिंह स्कूल के चेयरमैन आफताब अहमद, प्रिसिंपल डी0के0मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।प्रतियोगिता की शुरूआत छात्र छात्राओं ने गणेश वंदना एवं शिव तांडव से किया। यातायात नियमों की जानकारी देते ट्रैफिक उप निरीक्षक राज नारायण ने बच्चों को सड़क नियमों का पालन करने के साथ ही अपने माता पिता तथा समाज के लोगों को भी पालन करने के लिए प्रेरित किया। कक्षा दो के बच्चों द्वारा सडक सुरक्षा पर लघु नाटक प्रस्तुत किया गया जिसकी लोगों ने सराहना की। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा भारत माता, सैनिक, किसान व अन्य अपने पसंदीदा किरदार में छात्र छात्राओं ने मन मोह लिया। धन्यवाद ज्ञापन शायरा मैम ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक कुमार गौरव, शिक्षिका रश्मि शर्मा के निर्देशन में स्कूल के छात्र छात्राएं प्रभास, तनमय, दिव्या, निधि एवं अन्य बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया।



चुनार के द ग्लेनहील स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ स्कूल चेयरमैन आफताब अहमद, प्रिसिंपल डी0के0मिश्रा व अन्य अतिथि

।। ॐ सविताय नमः ।।

स्थापना : २९-१-१९९९

पंजीकृत क्रमांक : १२५/९९ जी.बी.बी.एस.डी.,मुंबई
पब्लिक ट्रस्ट, एफ २११०५ मुंबई

अखिल भारतीय सविता महासंघ

।। दिप्तीबाबू सेमुआ अमर रहें ।।

वार्षिक स्नेह सम्मेलन

शनिवार १६ दिसंबर २०२३ | समय : शाम ३ से ८.३० बजे रात तक

स्थल
सारस्वत वाडी, झवेर रोड, मुलुंड (पश्चिम),
नियर मुंलुड स्टेशन, मुंबई -८०.

प्रिय मान्यवर,
आपको आमंत्रित करते हुए परम हर्ष हो रहा है कि पिछले वर्षो की भॉति इस वर्ष भी वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया है,
अतः आप सभी स्वजातीय भाईयो ब बहनो से निवेदन है कि कार्यक्रम मे समय पर पधारकर कार्यक्रम की गरिमा बढाये।

* समारोह मुख्य अतिथी *
कलेक्टर शर्मा गोरेगांव उद्योगपती
* कार्यक्रम अतिथी *
श्री राजेश शर्मा भिमंडी उद्योगपती
* कार्यक्रम अध्यक्ष *
श्री. जे. पी. शर्मा (अखिल भारतीय सविता महासंघ)

।। ॐ सविताय नमः ।।
स्थापना : २९-१-१९९९
पंजीकृत क्रमांक : १२५/९९ जी.बी.बी.एस.डी.,मुंबई
पब्लिक ट्रस्ट, एफ २११०५ मुंबई

24 वाँ वार्षिक वर्ष



।। दिप्तीबाबू सेमुआ अमर रहें ।।

वार्षिक स्नेह सम्मेलन

शनिवार १६ दिसंबर २०२३ | समय : शाम ३ से ८.३० बजे रात तक

स्थल
सारस्वत वाडी, झवेर रोड, मुलुंड (पश्चिम),नियर मुंलुड स्टेशन, मुंबई -८०.

अखिल भारतीय सविता महासंघ
पत्र - व्यवहार कार्यालय : शॉप नं.१, शंकर सदन, पी.एन.रोड, फरीद नगर, भांडुप (प.), मुंबई - ४०० ०७८.
www.absmahasangh.com
सभी से निवेदन हैं कि सभी सह परिवार और बच्चों के साथ आये समय पर पहुचने की कृपा करे।

❖ विशिष्ठ अतिथी ❖
श्री.ओम प्रकाश सविता(संस्थापक) पुर्व कार्याध्यक्ष अ.भा.स.महासंघ
श्री.छोटेलाल शर्मा (प्रधान संपादक) कदम कदम पर समाचार पत्र
श्री.हरिशंकर शर्मा (उपसंपादक) कदम कदम पर समाचार पत्र
श्री.जगदीश शर्मा (नालासोपारा)उपशाखा प्रबंधक यस बैंक
श्री.सुनील श्रीवास्तव (समाज सेवक कल्याण)

❖ सत्कार मूर्ति ❖
श्री.सुधीर बद्री ठाकुर- लघु उद्योगपती (भांडुप)
श्री.डॉक्टर नंदलालजी शर्मा - अध्यक्ष,उत्तरप्रदेश अखिल भारतीय सविता महासंघ

❖ सक्रिय कार्यकर्ता ❖
श्री बाबूशंकर परदेशी (इगतपुरी)
श्री अनुप कुमार शर्मा (टिटवाला)
श्री दिलीप शर्मा (टिटवाला)
श्री राम नगीना शर्मा (बदलापुर)
श्री महादेव शर्मा (उल्हास नगर)
श्री राजेश कुमार शर्मा (कल्याण)
श्री.राजेश शर्मा (मलाड)
श्री लालजी शर्मा (डोंबिवली)
श्री अशोक शर्मा (कलवा)
श्री राजकुमार शर्मा (कलवा)
श्री दीपनारायण शर्मा (कलवा)
श्री.मन्तलाल शर्मा (पनवेल)
श्री सुरेन्द्र शर्मा (ठाणे)
श्री जोगेन्द्र शर्मा(मुलुंड)
श्री राकेश शर्मा (मुलुंड)
श्री अशोक शर्मा (उल्लासनगर) पत्रकार
श्री आत्मा प्रसाद शर्मा (भांडुप)
श्री सत्यनारायण ठाकुर (बदलापुर)
श्री रविंद्र शर्मा (अध्यापक) पवई
श्री संतोष कुमार शर्मा (नालासोपारा)
श्री ओम प्रकाश बेचई प्रसाद शर्मा (भांडुप)
श्री राजु शर्मा (थाने)
श्री संजीव ठाकुर (भांडुप)
श्री प्रहलाद शर्मा (विक्रोली)
श्री योगेन्द्र सेमुआ (घाटकोपर)
श्री योगेश सेमुआ (घाटकोपर)
श्री राहुल विमलकुमार शर्मा (नालासोपारा)
श्री सुशील रामचन्द्र शर्मा (नालासोपारा)
श्री राजेश शर्मा (जोगेश्वरी)
श्री जय नाथ शर्मा (जोगेश्वरी)
श्री संजय शर्मा (सांताक्रुज)
श्री धमेन्द्र शर्मा (सांताक्रुज)
श्री प्रमोद शर्मा (साकीनाका)
श्री कमलाप्रसाद शर्मा (सांताक्रुज)
श्री सतीश शर्मा (खार)
श्री मनोज शर्मा (पत्रकार) (चर्नीरोड)
श्री निलेश शर्मा (नालासोपारा)
श्री सचिन कुमार शर्मा (नालासोपारा)
श्री अजय शर्मा (जोगेश्वरी)

श्री अनन्तलाल शर्मा समाज सेवक - निरंकारी (डोंबीवली.प)
फोन : 8108398430 / 8291226010
फिरतू शर्मा /शर्मा प्रिंटर्स (घाटकोपर) 9322899676

❋ सम्माननित अतिथि ❋
श्री सत्यपाल श्रीवास्तव (समाजसेवी) सीवुड, एडवोकेट कैलाश शर्मा (मलाड)
श्री.केशवलाल रुपनाथ शर्मा (थाना), श्री. महिपाल सिंह (घाटकोपर) समाजसेवी
श्री.सुर्यकांत वर्मा - समाजसेवक (दादर), श्रीमती संगीता ज्ञान मुर्ती शर्मा (नगर सेवक)
श्री.जयपालजी शर्मा,आशापुरा ड्रायफ्रूट, अमरनाथ शर्मा (पुणे)
श्री.शैलेंद्र वर्मा - अध्यक्ष - (नाई समाज सेवा संघ पुणे) श्री.आलोक शास्त्री (समाजसेवक-वाराणसी)
श्री मनोज बी.ठाकुर (संपादक) मैट्रो टुडे समाचार भांडुप) श्री मुकेश जे.शर्मा (मलाड),
श्री कपुर चन्द्र परिहार - अध्यक्ष राजस्थानी सेन मंडल ,एडवकेट श्री शैलेस कदम (थाना)
श्री. धिरज विजय सिंह परदेशी (कल्यान) उद्योगपती, श्री.हरिशंकर शर्मा वर्ली (मुंबई)
श्री प्रसिध्दी ठाकुर बिल्डर (बदलापुर) श्री.डॉ.दीनानाथ शर्मा (प्रोफेसर) अहमदाबाद
श्री.रविद्रनाथ एस.शर्मा (प्रधानाचार्य व महामंत्री) सविता समाज संस्था
श्री.सुशील कुमार शर्मा (पुणे), रंजना लक्ष्मीकांत शर्मा (सीएनएस,पश्चिम रेल्वे),

❋ विशेष अतिथि ❋
श्री.अशोक उमाशंकर शर्मा (थाना)(उद्योगपती),श्री.श्यामबाबु शर्मा (कल्याण)
श्री.वाय.के शर्मा - उद्योगपति कांदिवली,श्री.एस.आर श्रीवास - नेत्रविशेषज्ञ
श्री रामसकल शर्मा - गोरेगाव,श्री.रामकृपाल शर्मा -(बोरीवली)
श्री.जीतेन्द्र शर्मा - भारतीय जनकल्याण मंडल सेक्रेटरी (मुलुंड)
श्री.कमल पवार अध्यक्ष राजस्थानी सेन प्रगती मंडल (मुंबई)
श्री.विनय शर्मा दीप-राष्ट्रीय कवि,पत्रकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष- ज.न.ना.कर्पूरी ठाकुर (सेवासमिती)

❋ आधारस्तंभ ट्रस्टीगण ❋
स्व. दिप्ती बाबू सेमूआ, स्व. श्री. जमूना प्रसाद शर्मा, स्व. जयनाथ शर्मा,
श्री उमाशंकर शर्मा, जे.पी शर्मा, (भांडुप) प्रहलाद शर्मा (चेंबूर),
शिवप्रसाद रामफेर शर्मा (नेरुल) श्री. अनिल शर्मा (चर्नी रोड)

विनीत

| अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | कार्याध्यक्ष | महासचिव |
|---|---|---|---|
| जे.पी.शर्मा | राकेश सेमुआ | अनन्त लाल शर्मा | अशोक शर्मा |
| उपाध्यक्ष | उपकोषाध्यक्ष | सचिव | उपसचिव |
| रामजीत वर्मा | नवनीश शर्मा | बी.पी.शर्मा | मंजू बी सराठे |

सामाजिक मसीहा - स्व.बेचई प्रसाद शर्मा अमर रहे...


# मुंबई में कोरोना काल में हुआ एक और घोटाला!

## रडार पर बीएमसी अधिकारी, केस दर्ज



**मुंबई,** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने कोविड-19 महामारी के दौरान हुए कथित 'ऑक्सीजन आपूर्ति घोटाले' में एफआईआर दर्ज की है। अधिकारियों ने बताया कि कोरोना काल में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के 9 अस्पतालों और दो जंबो कोविड सेंटरों में ऑक्सीजन प्लांट (ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र) लगाने में अनियमितता हुई। इस संबंध में अज्ञात बीएमसी अधिकारियों और एक ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बुधवार को हाईवे कंस्ट्रक्शन कंपनी के पावर ऑफ अटॉर्नी-धारक रोमिन छेड़ा और बीएमसी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है की ऑक्सीजन प्लांट लगाने में



धांधली करने की वजह से मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को 6 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। बीएमसी ने कोविड महामारी के दौरान अप्रैल 2021 और जनवरी 2022 के बीच सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी को नगर निगम के अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए 80 करोड़ रुपये का ठेका मिला था। पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपियों ने बीएमसी को 6 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, कंपनी ने समय पर काम पूरा नहीं किया। आरोपी ने कंपनी को जुमार्ना भरने से बचाने के लिए काम पूरा होने के फर्जी कागजात बनवाये और बीएमसी को सौंपे। इसके अलावा ऑक्सीजन प्लांट लगाने का 60 करोड़ रुपये का एक और कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया। बताया जा रहा है कि आरोपी रोमिन छेड़ा बोरीवली में कपड़े की दुकान चलाता है।

# जल्द पूरी हो सकती है मराठा समुदाय की आरक्षण की मांग

## डिप्टी सीएम फडणवीस ने कही बड़ी बात

**मुंबईः महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि सरकार मराठा आरक्षण की मांग को लेकर सकारात्मक है और मराठा समुदाय को आरक्षण देने की कोशिश चल रही है। मराठा समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को डिप्टी सीएम फडणवीस से सोलापुर जिले के पंढरपुर में मुलाकात की। डिप्टी सीएम फडणवीस अपनी पत्नी के साथ पंढरपुर में भगवान विट्ठल और देवी रुकमणी के मंदिर में कार्तिकी एकादशी के मौके पर पूजा करने पहुंचे थे।**

देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि 'मैं मराठा समुदाय को आश्वस्त करना चाहता हूं कि राज्य सरकार उनकी मांग को लेकर सकारात्मक है। सीएम एकनाथ




शिंदे ने सुनिश्चित किया है कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिले। हम उनके साथ खड़े हैं और उनका पूरा समर्थन कर रहे हैं। इस मुद्दे का जरूर समाधान किया जाएगा और मराठा समुदाय को आरक्षण देने की कोशिशें चल रही हैं। डिप्टी सीएम से मिले प्रतिनिधिमंडल ने ये भी मांग की है कि राज्य सरकार पंढरपुर में मराठा भवन बनाने के लिए जमीन मुहैया कराए। साथ ही अन्नासाहेब पाटिल आर्थिक विकास महामंडल और सारथी के उपकेंद्र शुरू किए जाएं।



प्रतिनिधिमंडल ने पंढरपुर में छात्रों के लिए एक हॉस्टल बनाने की भी मांग की है। बता दें कि सारथी, महाराष्ट्र सरकार की एक स्वायत संस्था है, जो मराठा और मराठा-खुंबी समुदाय के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक विकास के लिए काम करती है। डिप्टी सीएम ने इन सभी मांगों को पूरा करने की बात कही। डिप्टी सीएम ने कहा कि 'सोलापुर के जिलाधिकारी अगले 15 दिनों में मराठा भवन और हॉस्टल के निर्माण के लिए जमीन प्रतिनिधिमंडल को दिखा सकते हैं।

# महाराष्ट्र के ठाणे में व्यक्ति का अपहरण कर जबरन वसूले 48,000 रुपये

**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने 27 वर्षीय व्यक्ति का अपहरण कर उससे 48,000 रुपये जबरन वसूलने के आरोप में तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पीड़ित 20 नवंबर को वागले एस्टेट इलाके में एक होटल के करीब खड़ा था तभी तीन लोग उसके पास आ गए।

वागले एस्टेट थाने के एक अधिकारी ने शिकायत के हवाले से बताया कि तीनों ने पीड़ित पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया और जबरदस्ती उसे ऑटोरिक्शा में बिठाकर ले गए। आरोपी पीड़ित को एक सुनसान जगह पर ले गए और उससे आठ हजार रुपये छीन लिए और उस पर अपने बैंक खाते से 40,000 रुपये अंतरित करने का दबाव बनाया। पुलिस में की गई शिकायत के अनुसार बाद में पीड़ित को नितिन कंपनी के पास ऑटोरिक्शा से धक्का देकर गिरा दिया गया।

# कोल्हापुर में गोवा-मुंबई स्लीपर बस पलटी

## पुणे के एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

**मुंबईः** महाराष्ट्र में जानलेवा सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसा ही एक भीषण हादसा कोल्हापुर में हुआ है। कोल्हापुर शहर में गोवा से मुंबई जा रही प्राइवेट बस के पलटने से भयानक हादसा हो गया। इस बस में 25 यात्री सवार थे। जिसमें से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गुरुवार तड़के कोल्हापुर शहर के पास एक निजी स्लीपर बस के पलट जाने से पुणे में रहने वाले एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए। हादसा पुणे से लगभग 240 किलोमीटर दूर स्थित कोल्हापुर शहर के बाहरी इलाके में राधानगरी रोड पर पुईखडी के पास देर रात करीब सवा दो बजे हुआ। वीआरएल कंपनी की प्राइवेट स्लीपर बस लगभग 25 यात्रियों को लेकर गोवा से मुंबई आ रही थी।

अधिकारी ने कहा, कोल्हापुर-राधानगरी रोड पर पुईखडी के पास जब बस चालक ने वाहन को मोड़ने की कोशिश की तो वह पलट गई। इसकी




जानकारी मिलते ही तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। बाद में क्रेन की मदद से बस को सीधा किया गया और रास्ते से हटाया गया। अधिकारी ने कहा, ह्लएक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई है, जबकि नौ अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों का फिलहाल कोल्हापुर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है ह्व इस हादसे में नीलू गौतम (उम्र 43), रिधिमा गौतम (उम्र 17) और सार्थक गौतम (उम्र 13) की मौत हुई हैं। सभी मृतक पुणे के रहने वाले हैं। पिछले महीने में कोल्हापुर में निजी बस दुर्घटना की यह दूसरी घटना है। कुछ दिन पहले भी इसी तरह एक निजी बस के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया था और बस नदी में जा गिरी थी।

# लाल लिपस्टिक, 300 रुपये और फिर... मुंबई की महिला डॉक्टर को ये गलती पड़ गई इतनी भारी!

## लाल लिपस्टिक ने उड़ा दिए मुंबई की डॉक्टर के होश






**मुंबईः** मुंबई की डॉक्टर को लिपस्टिक खरीदना इतना भारी पड़ जाएगा ये उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होगा। वो भी एक पड़ी लिखी डॉक्टर महिला को। नवी मुंबई में रहने वाली एक डॉक्टर ने एक बड़ी ऑनलाइन कंपनी से लिपस्टिक ऑर्डर की।

इस लाल लिपस्टिक के लिए उन्होंने कंपनी 300 रुपये की पेमेंट भी की, लेकिन कई दिनों तक वो लिपस्टिक नहीं आई। उन्होंने अपना मैसेज चेक किया तो पता चला कि उन्हें लिपस्टिक डिलीवर हो चुकी है, लेकिन असल में उन्हें डिलीवरी मिली ही नहीं थी।

**मुंबई की डॉक्टर, 300 की लिपस्टिक और फिर**

डॉक्टर ने इस मामले में कंपनी के नंबर पर फोन किया। एग्जीक्यूटिव ने फोन उठाया और उन्हें कहा गया कि जल्द उनसे इस बारे में कॉन्टेक्ट किया जाएगा और उनके प्रॉडक्ट के बारे में जानकारी दी जाएगी। दो दिन बाद महिला के पास कंपनी का फोन आया। उन्हें बताया गया कि उनका प्रॉडक्ट कहीं फंस गया है और इसलिए डिलीवरी लेट है।